<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2009

30 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

2009. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सरकारी और निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्षेत्र-वार तत्संबंधी क्या परिणाम रहे;

(ग) इस्पात विकास निधि के अंतर्गत संग्रहित किए गए उपकर का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान इनसे कितनी निधियाँ संवितरित की गई हैं; और

(घ) इस संबंध में इस्पात विनिर्माताओं से प्राप्त अभ्यावेदनों का ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है, इसलिए सरकार द्‌वारा निजी क्षेत्र के कार्य-निष्पादन की समीक्षा नहीं की जाती है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों के कार्य-निष्पादन का नियमित अंतराल में समीक्षा करती है। समीक्षा बैठक के दौरान लक्ष्यों की तुलना में वास्तविक कार्य-निष्पादन का गहन विश्लेषण कार्य-निष्पादन को प्रभावित करने वाले घटकों के साथ किया जाता है।

(ग): विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान इस्पात विकास निधि के अंतर्गत किसी कर का संग्रह नहीं किया गया है। इस प्रकार इसके वितरण का प्रश्न नही उठता।

(घ): इस्पात विकास निधि के अंतर्गत संग्रहित कर के बारे में इस्पात विनिर्माताओं से कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

******